Skill Development Programme For Answer Writing

Economy

19 NOV 11:30 AM

मुख्य परीक्षा

प्रश्न- **'संविधान में उल्लिखित नागरिकों के पोषण को उचित बनाये रखने के लिये पी.डी.एस. प्रणाली महत्त्वपूर्ण थी किन्तु इसकी कुछ कमजोरियों ने इसे लक्ष्य से भटका दिया' टिप्पणी कीजिए-**

(150 शब्द)

PDS system was important for maintaining adequate nutrition of citizens mentioned in the Constitution but some of its drawbacks has mislead it from its goals. Comment.

(150 Words)

मॉडल उत्तर

मुख्य परीक्षा

उत्तर- • भूमिका- संक्षेप में संविधान में उल्लेखित प्रावधान को लक्ष्य सहित बताइये जैसे-गरीब एवं जरूरत मंद लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध कराना।

फिर बताइये कि पी.डी.एस. प्रणाली किस प्रकार पोषण सुनिश्चित करने के लिये महत्वपूर्ण है?

1. भारत में स्वतंत्रता के समय गरीबी एवं भुखमरी की समस्या गहरी थी। अत: भारत सरकार ने पी.डी.एस. प्रणाली के माध्यम से गरीबों एवं जरूरतमंद को कम मूल्य पर अनाज उपलब्ध कराने का प्रयास किया।
2. सार्वजनिक वितरण प्रणाली खुले बाजार में आवश्यक वस्तुओं के मूल्य में नियत्रंण रखकर अनाजों का सामाजिक वितरण सुनिश्चित किया जाता है। जिससे गरीबों में भी पोषण तथा खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

- **फिर पी.डी.एस. की कमजोरियों को बताइये।**

1. सार्वजनिक वितरण की लोकप्रियता के संबंध में विभिन्न राज्यों में अलग-अलग विचार देखने को मिलते हैं जैसे-दक्षिणी राज्यों में इसके उपयोग की दर उत्तरी राज्यों से अधिक है।
2. एन.एस.एस.ओ. के सर्वेक्षण के अनुसार यह गरीब लोगों के कुल आवश्यकताओं के 25% भाग को ही पूरा कर पाती है।
3. सार्वजनिक वितरण प्रणाली का उच्च आय वाले लोगों को अधिक लाभ मिल जाता है।
4. इस प्रणाली में आपूर्ति की जाने वाली खाद्यान्नों की गुणवत्ता अच्छी नहीं होती है। जिससे लोग इसे कम दाम पर भी खरीदने में रूचि दिखाते हैं।
5. फिर एफ.सी.आई. द्वारा खाद्यान्नों के खरीद के बाद भी लम्बे समय तक लोगों को उपलब्ध नहीं कराया जाता है जारी नहीं करती है, जिससे खुले बाजार में इसका मूल्य अधिक हो जाता है।

- संतुलित एवं संक्षिप्त निष्कर्ष दें।